# परीक्षा विभाग

## शासकीय होलकर (आदर्श, स्वशासी) विज्ञान महाविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.)

क्रमांक/ 3930 /परीक्षा/2025 दिनांक : 23.07.2025

## महत्वपूर्ण आवश्यक सूचना : विशेष एटीकेटी परीक्षा अगस्त-सितम्बर 2025

1. मुख्य परीक्षा मई-जून 2025 में सम्मिलित बी.एस-सी./बीसीए षष्ठम सेमेस्टर के ऐसे विद्यार्थी जिन्हें बी.एस-सी./बी.सी.ए. पंचम/षष्ठम सेमेस्टर में एटीकेटी प्राप्त हुई है, केवल उन्हीं विद्यार्थियों हेतु विशेष एटीकेटी परीक्षा अगस्त-सितम्बर 2025 में आयोजित की जाना प्रस्तावित है।
2. मुख्य परीक्षा मई-जून 2025 में सम्मिलित बी.एस-सी. अष्टम सेमेस्टर के ऐसे विद्यार्थी जिन्हें बी.एस-सी. सप्तम/अष्टम सेमेस्टर में एटीकेटी प्राप्त हुई है, केवल उन्हीं विद्यार्थियों हेतु विशेष एटीकेटी परीक्षा अगस्त-सितम्बर 2025 में आयोजित की जाना प्रस्तावित है।
3. मुख्य परीक्षा मई-जून 2025 में सम्मिलित एम.एस-सी. चतुर्थ सेमेस्टर के ऐसे विद्यार्थी जिन्हें एम. एस-सी. तृतीय/चतुर्थ सेमेस्टर में एटीकेटी प्राप्त हुई है, केवल उन्हीं विद्यार्थियों हेतु विशेष एटीकेटी परीक्षा अगस्त-सितम्बर 2025 में आयोजित की जाना प्रस्तावित है।

उपर्युक्त परीक्षाओं से संबंधित विद्यार्थी महाविद्यालय की वेबसाइट **www.collegeholkar.org** पर अपनी **Profile** पर जाकर **Paytm** के माध्यम से निर्धारित परीक्षा शुल्क का भुगतान करें। परीक्षा शुल्क का भुगतान **Paytm** के माध्यम से करने पर ही परीक्षा आवेदन पत्र जमा किया गया माना जावेगा। परीक्षा आवेदन पत्र दिनांक 25.07.2025 से 05.08.2025 तक बिना विलंब शुल्क के साथ ऑनलाइन जमा किये जा सकेंगे। निर्धारित दिनांक के पश्चात् प्रथम सप्ताह तक रूपये 250/-, द्वितीय सप्ताह तक रूपये 500/- तथा रूपये 1000/- विलम्ब शुल्क के साथ परीक्षा तिथि के अंतिम दिवस तक जमा किये जा सकेंगे।

| विशेष ए.टी.के.टी. परीक्षा शुल्क का विवरण | | |
|---|---|---|
| क्रमांक | कक्षा का नाम | परीक्षा शुल्क |
| 1 | बी.एस-सी./बी.सी.ए. पंचम/षष्ठम सेमेस्टर एटीकेटी परीक्षा | 1500/- |
| 2 | बी.एस-सी. सप्तम/अष्टम सेमेस्टर एटीकेटी परीक्षा | 1500/- |
| 3 | एम.एस-सी. तृतीय/चतुर्थ सेमेस्टर एटीकेटी परीक्षा | 1500/- |

1. परीक्षा शुल्क विद्यार्थी केवल स्वयं की **Profile** पर **Paytm** के माध्यम से ही भर सकेगा।
2. परीक्षा शुल्क भरने से पूर्व विद्यार्थी को उसके प्रश्नपत्र के शीर्षक दिखाई देंगे जिन्हें **Verify** करने के पश्चात् ही विद्यार्थी परीक्षा शुल्क जमा कर सकेगा।
3. सफलतापूर्वक परीक्षा शुल्क ऑनलाइन जमा करने के पश्चात् विद्यार्थी को उनकी **Profile** पर प्रवेश पत्र एवं परीक्षा शुल्क की रसीद सीमित समयावधि हेतु **Display** होगी जिन्हें विद्यार्थी **Print** कर सकेगा तथा विद्यार्थी स्वयं के पास संधारित करके रखेगा।
4. चूंकि **ATKT** परीक्षा आवेदन पत्र की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन ही होगी अतः सफलतापूर्वक परीक्षा शुल्क जमा करने के पश्चात् विद्यार्थी कोई भी संबंधित दस्तावेज ना तो परीक्षा विभाग एवं ना ही कार्यालय में जमा करेगा।
5. विद्यार्थी अपने प्रवेश पत्र पर अपना स्थानीय एवं स्थायी पता तथा मोबाइल नंबर का सूक्ष्म अवलोकन करें, त्रुटि होने पर परीक्षा विभाग में संपर्क करें।
6. परीक्षा शुल्क भरने के पश्चात् या पूर्व जिन विद्यार्थियों के परीक्षा आवेदन पत्र नहीं दिख रहे हैं वे परीक्षा विभाग की **IT Cell** पर तुरन्त संपर्क करें।
7. **SBI Collect** के माध्यम से जमा किया गया शुल्क मान्य नहीं होगा।

नोटः- विद्यार्थी अपनी **Profile** पर जाकर **Paytm** के माध्यम से ही परीक्षा शुल्क जमा करें।

परीक्षा नियंत्रक
होलकर विज्ञान महाविद्यालय, इन्दौर

प्रशासनिक अधिकारी
होलकर विज्ञान महाविद्यालय, इन्दौर

प्राचार्य
होलकर विज्ञान महाविद्यालय, इन्दौर

---

*महाविद्यालय के हरित पहल के लिए किये जाने वाले नवाचार (कागज एवं पेड़ की बचत) के अन्तर्गत समस्त परीक्षा आवेदन पत्र ऑनलाइन ही लिये जावेंगे।*